हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 16 अंक 51
विक्रम संवत 2081
पौष कृष्ण प्रतिपदा से
पौष कृष्ण सप्तमी
16 दिसम्बर सोमवार से
22 दिसम्बर रविवार 2024 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य 8रु/-

श्रीकृष्ण भवन (गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता मायाजाल और मीडिया पर इसका प्रभाव

*नई टेक्नोलॉजी से चुनौतियां बढ़ी हैं, हमें कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहना होगा*

मेरठ- उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (उपज) द्वारा वेंकटेश्वरा कॉलेज में आयोजित मीडिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता मायाजाल और मीडिया पर इसका प्रभाव विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजी मेरठ जोन ध्रुव कांत ठाकुर, उपज प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह, एपीएन न्यूज चौनल के संपादक डॉ. प्रसून शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र शर्मा, अधिवक्ता रामकुमार शर्मा, वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कैंपस निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, उपज प्रदेश सचिव अजय चौधरी, मशहूर कवियत्री अनामिका जैन अंबर और कवि सौरभ जैन ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। मुख्य अतिथि एडीजी मेरठ जोन ध्रुव कांत ठाकुर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक नई तकनीक है, जो मानव जीवन को नियंत्रित करने की क्षमता रखती है। इसे सही दिशा में उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एआई के सकारात्मक उपयोग से मीडिया में क्रांति आ सकती है, लेकिन इसे विवेकपूर्ण तरीके से अपनाना होगा। नई टेक्नोलॉजी से चुनौतियां बढ़ी हैं, हमें कड़ी मेहनत के लिए तैयार रहना होगा। वरिष्ठ पत्रकार पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि एआई को डरने के बजाय समझने और अपनाने की आवश्यकता है। यह मानव मस्तिष्क की उपज है और इसका सही उपयोग मीडिया को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। अधिवक्ता रामकुमार शर्मा ने कहा कि एआई समाचार प्रकाशन को सरल बना सकता है, लेकिन इसके दुरुपयोग से बचने की जरूरत है। कवि सौरभ सुमन ने कहा कि एआई भावनाओं को पूरी तरह व्यक्त नहीं कर सकता, लेकिन यह तकनीक रचनात्मकता में सहायक हो सकती है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा ने कहा कि हर तकनीकी नवाचार के सकारात्मक और नकारात्मक पहलू होते हैं। हमें नकारात्मकता से बचते हुए मीडिया के कार्यों को आसान और प्रभावी बनाना होगा। कवियत्री अनामिका जैन अंबर ने कहा कि कोई भी मशीन मानवीय संवेदनाओं और अनुभवों की गहराई को नहीं छू सकती। डॉ प्रसून शुक्ल ने कहा कि यदि एआई को अनियंत्रित रूप से छोड़ा गया तो यह भविष्य में मानव स्वतंत्रता को चुनौती दे सकता है। ग्लोबल भारत टीवी के संपादक अभिषेक शांडिल्य ने बताया कि एआई पत्रकारिता को सरल और तेज बनाने में सहायक होगा। उपज प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने कहा कि प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने भी एआई को लेकर एडवाइजरी जारी की है। पत्रकारों को इसके उपयोग और चुनौतियों से अवगत कराना हमारा कर्तव्य है। एआई मीडिया हाउस के लिए लाभदायक हो सकता है, लेकिन यह व्यक्तिगत पत्रकारों के लिए रोजगार संकट भी पैदा कर सकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सकारात्मक उपयोग किया जाए, तो यह मीडिया के भविष्य को सशक्त बना सकता है। कार्यक्रम में उपज के अन्य पदाधिकारी जैसे महामंत्री ललित ठाकुर, कोषाध्यक्ष विश्वास राणा, नकुल चतुर्वेदी, लियाकत मंसूरी, राजू शर्मा, पवन शर्मा, अरुण सागर, राजन सोनकर, जयवीर त्यागी, राहुल राणा, दीपक वर्मा और आदिवासी पत्रकारों की उपस्थिति रही।

– श्रम शिखर ब्यूरो

R.R.ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
सभी समाचार पत्रों में विज्ञापन बुक कराने हेतू
- दैनिक जागरण
- अमर उजाला
- हिन्दुस्तान
- दैनिक जनवाणी
- टाइम्स् ऑफ इण्डिया
- i-Next

क्लीसीफाइड एड फोन पर घर बैठे बुक करायें
- नोटिस
- बेदखल
- खोया-पाया
- शोक-संदेश
- आवश्यकता
- नाम-परिवर्तन
- खरीदना-बेचना

0121-2641338, 9690331338
For More Information
Website- www. rradvertisingmeerut.com
E-mail - rradvertisingmeerut@gmail.com
SHRI KRISHAN BHAWAN, 283, WESTERN KUTCHERY ROAD, MEERUT- 250001

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.)
सरकारी विभाग: उपलब्धियां और योजनाएं
शासकीय विभागों से निवेदन कि अपनी उपलब्धियां, योजनाएं, विस्तृरित परिचय प्रकाशनर्थ भेजें।

मेरठ राइजिंग




हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर
आवश्यकता
सेल्स एग्जीक्यूटिव
कार्य हेतू लड़के/लड़कियां
बायोडाटा साथ लायें (समय- 11 से 12 बजे दोपहर)
शिक्षाः इण्टर/ग्रेजुएट/एम.बी.ए.
पार्ट टाइम/फूल टाइम मीडिया जॉब
सैलरीः कार्य, समय अनुसार + इंसेंटिव
फोन, वाहन आवश्यक है।
श्रीकृष्ण भवन,
(शिवलोक कॉम्पलैक्स के सामने वाली गली)
283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ – 250001
मो. 9219660359

घर-घर में बागवानी (आर्गेनिक, हाइड्रोपोनिक्स)
★ घर/परिवार/संबन्धियों /मित्रों के नाम के पौधे लगाइयें।
★ बोतलों, डिब्बों को गमले के रूप में प्रयोग करें।
इन्हें पेंटिंग क्राफ्ट के जरिए सुन्दरता दे सकते है।
★ दीवारो, छत, खुले जमीन, हैगिंग स्थिति का प्रयोग करें।
★ प्रकृति से जुड़े। ★ इन्हें परिवारजन को गिफ्ट दें।
★ इसके फोटो/विडियों भेजें, इन्हें डिजिटल प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जा सकता है। इससे आपको पहचान, अनुभव मिलेगा।

दीवारों, छतों पर खेती
★ किचन फार्मिंग
★ सुन्दरता
★ प्रकृति की नजदीकी
★ ऑक्सीजन बढ़ायें
★ सब्जियां उगायें
★ वर्टिकल गार्डन (आर्गेनिक खेती)
★ हाइड्रोपोनिक्स (पानी की खेती)

श्री धनीराम (संरक्षक एवं मार्गदर्शक)
- अवकाश प्राप्त वरिष्ठ उद्यान अधिकारी
- वरिष्ठ योग शिक्षक, योग विज्ञान संस्थान
मो0 7817080979


हर्ष गर्ग ( छात्र बी.एससी. एग्रीकल्चर )
शोभित विश्वविद्यालय
मो0 9259666580

सम्पर्क- स्वामी आत्मोकामरान
मो0 9412843670
सद्भावना समिति
कार्यालय- श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY CLASSIFIED MEERUT
www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता



# ओशो

## आज और अभी से
## नए मनुष्य का युग-दर्शन



# मौन का अर्थ है, भीतर कोई विचार न रह जाए

धर्मों ने ध्यान की जितनी विधियां खोजी हैं, वे सभी विधियां आवश्यक हैं, लेकिन अनिवार्य नहीं है। उनसे पहुंचा जाता है, लेकिन उनके बिना भी पहुंचा जा सकता है। उनसे पहुंचा जाता है, लेकिन उनके द्वारा ही पहुंचा जा सकता है, ऐसा नहीं है। सारी विधियां एक ही प्रयोजन से निर्मित हुई हैं कि किसी दिन आपको पता चल जाए कि जिसे आप खोज रहे हैं, वह आप ही हैं। बड़ी अजीब खोज है! क्योंकि जब कोई खुद को खोजने लगे, तो खोज असंभव है। बिलकुल असंभव है। खुद को कैसे खोज सकिएगा? और जहां भी खोजने जाइएगा, वहीं दूसरे पर नजर रहेगी। हम सब किसकी तलाश में हैं? किसे हम खोज रहे हैं? क्या हम पाना चाहते हैं....? हम अपने को ही खोज रहे हैं। हम खुद को ही पाना चाहते हैं। हमें यही पता नहीं कि मैं कौन हूं....? मैं क्या हूं? क्यों हूं....? यही हमारी खोज है। लेकिन हम दौड़ रहे हैं तेजी से। और जिस पर सवार होकर हम दौड़ रहे हैं, उसी को हम खोज रहे हैं। जो दौड़ रहा है, उसी को हम खोज रहे हैं। जब तक यह दौड़ बंद न हो जाए, हम थक न जाएं, दौड़ समाप्त न हो जाए, तब तक हमें खयाल नहीं आएगा। हमें पता नहीं चलेगा। ये सारे साधन जो धर्मों ने ईजाद किए हैं, आपको थकाने के हैं। ये सारी क्रियाएं जो धर्मों ने विकसित की हैं, ये आपको खूब दौड़ाकर इतना थका देने की हैं कि एक दिन आप खड़े हो जाएं थककर। जिस दिन आप खड़े हो जाएं, उसी दिन आपका अपने से मिलना हो जाए, अपने से पहचान हो जाए। ठहरते ही हम जान सकते हैं, कौन हैं। तेज है इतनी रफ्तार हमारी, और तेजी हमारी रोज बढ़ती जाती है। कभी हम पैदल चलते थे। फिर बैलगाड़ी पर चलते थे। फिर मोटरगाड़ी पर चलते थे। फिर हवाई जहाज पर चलते थे। अब हमारे पास अंतरिक्ष यान हैं। हमारी दौड़ की गति रोज बढ़ती जाती है। कभी आपने खयाल किया कि आदमी की गति जितनी बढ़ती जाती है, आदमी का आत्मज्ञान उतना ही कम होता जाता है! नहीं, खयाल नहीं किया होगा। इसमें कोई संबंध भी नहीं दिखाई पड़ा होगा। आदमी की जितनी स्पीड बढ़ती जाती है, गति बढ़ती जाती है, उससे उसका अपना संबंध छूटता जाता है। वह दूसरे तक पहुंचने में कुशल होता जाता है और खुद तक पहुंचने में अकुशल होता जाता है। किसी दिन यह हो सकता है कि हमारी रफ्तार इतनी हो जाए कि हम दूर के तारों तक पहुंचने लगें, लेकिन तब खुद तक पहुंचना बहुत मुश्किल हो जाएगा। इसलिए बहुत मजे की बात है, जितने गति वाले समाज होते हैं, उतने धार्मिक हो जाते हैं। और जितने कम गति वाले समाज होते हैं, उतने धार्मिक होते हैं। जितने कम गति वाले समाज होते हैं, उतना भीतर पहुंचने की संभावना बनी रहती है। की एक दुनिया है। आप मुझसे बाहर हैं। आंख बंद करता हूं आपकी तस्वीर मुझे भीतर दिखाई पड़ती है, वह भी मुझसे बाहर है। और वह तस्वीर आपकी है। आपने अपने भीतर कभी कोई एकाध तस्वीर देखी है, जो बाहर से न आई हो? आपने अपने भीतर कभी कोई एकाध विचार देखा, जो बाहर से न आया हो? आपने भीतर ऐसा कुछ भी देखा है, जो बाहर का ही प्रतिफलन न हो? तो फिर से खोज करें। आप अपने भीतर की जांच करें, तो आप पाएंगे, वह तो सब बाहर की ही कतरन, बाहर का ही कचरा, बाहर का ही जोड़ है। तो यह फिर भीतर नहीं है। क्योंकि जिसने उसे अभी भीतर नहीं जाना भीतर का अर्थ है निकटतम जिसने उसे इतने निकटतम नहीं जाना, वह दूर उसे नहीं जान सकेगा। जो इतने पास है मेरे कि मेरे हृदय की धड़कन भी मुझसे दूर है उसके हिसाब से, और हम सब आकाश में आंखें उठाकर उसे खोजने की कोशिश करते हैं। हम अंधी आंखों से उसे खोज रहे हैं। अपने भीतर आंख बंद करके जो उसे नहीं देख पाता, वह इस विराट आकाश में आंखें खोलकर ईश्वर को देखने की कोशिश करता है! कभी भी वह कोशिश सफल न हो पाएगी। एक बार कोई व्यक्ति भीतर उसकी झलक पा ले, तो सभी जगह उसकी झलक फैल जाती है। फिर ऐसा नहीं कि वसंत में ही दिखाई पड़ेगा। वसंत में तो अंधे को दिखाई पड़े, इसकी कोशिश करनी पड़ती है। फिर तो पतझड़ में भी वही दिखाई पड़ेगा। फिर श्रेष्ठ में ही दिखाई पड़े, उसकी सारी आंखें उससे भर जाती हैं। जिसे भीतर दिखाई पड़ गया – **ओशो**

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा
## (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है। जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## रक्त के गाढ़े रिश्ते हो गये पानी-पानी (काव्य रचना)



रक्त के सुर्ख रिश्ते हो गये पानी-पानी,
करा प्रयत्न पृथक-अर्थक हो जाये पुनः पानी भी लाल,
किन्तु नही हो सकता हैं वह पानी अब लाल,
भोग विलास और धन-दौलत आड़े अब आई राह में ।
जीवन पावन और अमृत की धारा-सा,
हो चुके गन्दे-गन्दे आचरणों से अब,
निर्मल, पावन जल से विचारों वाले खो गये अब,
नही मिल सकते धरती पर कभी भी ।
रहते थें कभी इस पावन धरती पर,
सहज प्यार भरें रिश्ते कभी यहां रह गये,
देख-देख धूल भरे रिश्ते कभी यहां शेष यहां,
नही रहा कोई भी प्यार पावन रिश्ता, सम्मानित रिश्ता ।
देव तुल्य पूज्यनीय रिश्ते हो गये खत्म,
बस-मैं यह पावन रिश्ते कहां से ढूढ़ कर लाऊ,
जहां जाओं दिखते हैं गिरे हुये घृणित रिश्तें,
मन होता भयभीत देख इन्हें और विचलित ।
लेखिनी भी अब मेरी थक गयी यहां,
क्यों बढ़ आगें मैं इन रिश्तों को लिखने मैं,
बहुत समझाया मैनें उसको, तुम क्यों रूकती हो,
करूंगी अथक प्रयत्न मैं तुम भी बढ़ जाओं धीरे-धीरे ।

**ऊषा महेन्द्रिा**
**अवकाश प्राप्त शिक्षिका**

## हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.) स्कूल/कॉलिज — मेरठ राइजिंग

स्कूलों से संबन्धित विभिन्न कार्यक्रम यहाँ प्रकाशित किये जाते है। स्कूलों से निवेदन है अपने स्कूल की विशेषताएं और कार्यक्रम की विडियों अपने मोबाइल से बनाकर हमें अपना नाम, पता, कक्षा, और अपने स्कूल का नाम आदि के साथ हमें भेजे। इन्हें डिजिटल प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जा सकता है, और बच्चों एवं अभिभावको को भी अभियान से परिचित कराएं।

ekdk g] vo l j g& Nk= ,o vfHkHkkod

विषयः– वरिष्ठ छात्र रूप में अपने विद्यालय में क्या विकास करना चाहते है? कैसे करेगें? – पुरातन छात्र संवाद/स्पोर्टस संवाद कराने का अवसर मिलें तो अपने टैलेन्ट का प्रयोग करते हुये यह कार्य कैसे करेंगे।


भविष्य की तैयारी और अनुभव

बच्चों के सोचने, दुनिया को देखने और राय देने का तरीका, आशाओं, सपनों और भविष्य को लेकर उनके "विजन" को सुनने/सहभागिता के उनके अधिकारो को बढावा देने के लिए अपने मोबाइल से उनका वीडियों बनायें। अभिभावक, बच्चें और स्कूल के अनुभव, मोबाइल से वीडियों बनाकर शेयर करें।

परमहंस रामकृष्ण, माँ शारदा देवी एवं स्वामी विवेकानन्द का रूप बनाये और उनके उदेदश्य आज के परिवेश में महत्व पर अपने विचारो का विडियों बनाकर भेजें

www.sadbavnasamiti.in Sadbhavna Waves 9219660359

## दामोदर दास नरेन्द्र मोदी। प्रधानमंत्री, भारत सरकार



" वक्त कम है, जितना दम हैं, लगा दो
कुछ लोगों को मैं जगाता हूँ,
कुछ लोगों को, तुम जगा दो । "
- नरेन्द्र मोदी

सद्भावना समिति (पंजी.)

रवि कुमार एडवोकेट
संयोजक

Sadbhavna Waves
Shram Shikhar

shramshikhar.co.in
sadbhavnasamiti.in

## चुटकुले भी इशारा है


पापा - आज के टेस्ट में तुम्हारे कितने नम्बर आये हैं।
छोटू - मोटू से 20 नम्बर कम
पापा - अच्छा मोटू के कितने नम्बर आयें।
छोटू - पापा 20 नम्बर ।

राम - मैंने साबून से अपना शर्ट धोया और अब मुझे वह छोटा आ रहा है।
हरि - तुम भी उसी साबून से नहा लो, फिर वह शर्ट तुम्हें फिट हो जाएगा।


इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www.shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



+HEALTH+

स्वास्थ्य संबन्धित जानकारियां और विभिन्न रोगों के उपचार विज्ञापन के हेतू आवश्यकता/उपलब्धता




# मेरठ महोत्सव की तैयारियो,किया भामाशाह पार्क का निरीक्षण

*मेरठ महोत्सव की तैयारियो के संबंध में जिलाधिकारी ने किया भामाशाह पार्क का निरीक्षण, तैयारियो को गति प्रदान करने के दिये निर्देश विक्टोरिया पार्क (भामाशाह पार्क) में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा मेरठ महोत्सव की तैयारियो के संबंध में निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रमो के लिए तैयार किये गये प्लॉन के अनुसार प्रत्येक चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि मेरठ महोत्सव में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजन स्थल पर तैयारियो को शुरू कर दिया जाये। उन्होने कहा कि भामाशाह पार्क के आसपास साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सडक मरम्मत एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यवाही शुरू की जाये। मेरठ महोत्सव स्थल में आमजनमानस के आगमन एवं प्रस्थान हेतु मार्गो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही की जाये। निरीक्षण के पश्चात् अधिकारियो के साथ बैठक करते हुये निर्देशित किया गया कि नोडल अधिकारियो की डयूटी एवं कार्यक्रम की तैयारी हेतु रोस्टर जारी कर कार्यवाही की जाये। आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्टिस्ट की सूची फाईनल करते हुये जल्द जारी की जाये। मेरठ महोत्सव 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2024 तक भामाशाह पार्क में आयोजित किया जायेगा। उन्होने कहा कि मेरठ महोत्सव मेरठ क्षेत्र की समृद्ध कला, संस्कृति, धरोहर, वाणिज्य और व्यापार का राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने का कार्यक्रम है। उक्त कार्यक्रम में सभी वर्ग, समूह, आमजनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। यह महोत्सव कला प्रेमियो, पर्यटको, निवशको और उद्यमियो के लिए एक विशेष अवसर प्रदान करेगा जहां वे शहर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और व्यवसायिक संभावनाओ का अनुभव कर सकेंगे। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सचिव एमडीए आनंद कुमार सिंह, महोत्सव क्यूरेटर गौरव गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।*

*– श्रम शिखर ब्यूरो*

## पर्यावरण-संदेश







जल को व्यर्थ खराब न करें क्योंकि 'जल है तो कल है'

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर

## हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.) मेरठ राइजिंग

सर्वागीण विकास के विभिन्न रूपो में, विकसित दृष्टिकोण की जरूरत है।

**सद्भावना समिति द्वारा मेरठ विकास के लिए किये जा रहे प्रयास**

**प्रेरणापूर्वक कार्य**–समाजिक एवं राष्ट्र विकास के लिए जन–जन सहयोग, सुझाव, भागीदारी आवश्यक है। समाजिक व राष्ट्र के विकास के लिए आप हमें सुझाव मन की बात संभावनाआओं की विडियों बनाकर हमें भेज सकते है। जिससे राष्ट्र, समाज के विकास में आप, अपनी भूमिका निभा सकें।

**पै**ट्रोल डालने की व्यवस्था में बदलाव :–

सद्भावना समिति द्वारा पैट्रोल डालने वाले काले पाइप (जो कभी–कभी झगड़े का कारण बनता है) की जगह पारदर्शी पाइप पर भी प्रयास किए जा रहे है।

1 अगस्त 2023 को जिलाधिकारी द्वारा भेजें गये हमारे पत्र जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा इसका मेरठ शहर में आदेश दे दिया गया है। जिसकी सूचना 8 अगस्त 2023 में अमर उजाला के अंक में भी जिसकी सूचना प्रकाशित हुई थी। लेकिन कंपनियों द्वारा इस कार्यवाही कर 4 अक्टूबर 2024 में फिर पत्र दिया गया।

जिसके जवाब में जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा पत्र द्वारा बताया गया कंपनियों का कहना है कि पारदर्शी पाइप उचित नही है और बताया गया के सब ही देशो में काला पाइप ही प्रयोग होता है। उसके बाद से इस विषय पर केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से पत्राचार चल रहा है। क्योंकि जनहित के लिए ये बहुत आवश्यक है।

काला पाइप के कारण पम्प कर्मी व उपभोक्ताओं के बीच कम तेल डालने पर, डाला ही नही आदि बातों पर बहस होती है। जबकि सरकार अब व्यवस्था को पारदर्शी करने के लिए प्रयासरत् है अब तो गैस सिलेण्डर भी पारदर्शी आ रहे है, तो फिर पाइप को भी बदला जाना चाहिए।

– रवि कुमार एडवोकेट संयोजक मो० 9675834737

## जन-जन के लिए अवसर

### मेरी यात्रा

नाम.............................................................उम्र ....................................

कक्षा ............................... हस्ताक्षर ...................................................

पिता का नाम/ फोन..............................................................................

घर का पता.........................................................................................

पता ................................................................फोन..........................

(आधार कार्ड या स्कूल का आईडी कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

**FRIZZON TRAVEL** Tour & Travels
Domestic & International Flight, Car, Cruise, Hotel
booking@frizzontravel.com 0121-2641338 , 8266023450

लेख/विडियों आमंत्रित है :–

- देश/विदेश की यात्रा का विवरण
- अपने मोबाइल से विडियों बनाकर भेजें /इस पर लेख भी भेज सकते है।
- देश /समाज के विकास में पर्यटन का महत्व बतायें/लिखें।
- देश/समाज के विकास पर अपने मन की बात भी करें/लिखें
- प्रत्येक प्रवृष्टि पर प्रत्सोहन मिलेगा।
- श्रीकृष्ण भवन, 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ – 250001

नोटः अपनी यात्रा का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें । गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कृत किया जायेगा। www.frizzontravel.com

## जन-जन के लिए अवसर

### रखें ख्याल, अपने दांतो का

- दिन में दो बार ब्रश करें, सोने से पूर्व एवं उठने पर । • पानी पीते रहें।
- कुछ भी खाने के बाद कुल्ला अवश्य करें। • समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवायें।
- दांतो से स्वास्थ्य प्रभावित होता है। आप फार्म भरकर, प्रत्येक बृहस्पतिवार को फोन पर पूर्व निर्धारित समय पर मिलें। • 2024 में प्रभावित है।
- छात्र/छात्राओं एंव अध्यापकों को फीस में 75 प्रतिशत की छूट ।
- अभिभावक परिवारजन को फीस में 50 प्रतिशत की छूट।
- सभी छूट श्रम शिखर में प्रकाशित फार्म पर या विद्यालय के आई कार्ड पर

नोटः अपने दांतो का महत्व उपयोग अनुभव पर लेख लिखें । गुणवत्ता के आधार पर सभी को पुरस्कृत किया जायेगा। www.sadbhavnasamiti.in

नाम.........................................................कक्षा ..............................दिनाकं......................

स्कूल का नाम/पता .............................................................................

अभिभावक माता/पिता का नाम.................................................................

निवास पता...........................................................................................

प्रधानाचार्य का नाम/फोन......................................................................

(आधार कार्ड या स्कूल का आईडी कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

सद्भावना वैलनेस की ओर से ऑफर .......

डॉ. विवेक मित्तल शकुन डेन्टल हैल्थ क्लीनिक
बी.डी.एस., एस. आई. एम. एस. समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 9997153212

डॉ. नीरजा सिंह डेन्टल केयर सैन्टर
Dental Surgeon, Ex President I.D.A. Meerut समय पूर्व निर्धारित के लिए मो. 8899293720
जिला सहाकरी बैंक के बराबर में, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एंव भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
सप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड़, मेरठ मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एंव महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

## श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**–श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**– (09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**– राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोनः 9897185208, 9152911899 **दिल्ली**– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई–63 मो.9920939916, **सरधना**–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । **हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
**153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादकः सुनीता रानी
प्रबन्धकः राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अर्न्तगत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचयः- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता

